# भारत से पहले 29 देशों में न्यू ईयर

### किरिबाती से लेकर अमेरिका तक जश्न

**नई दिल्ली, 31 दिसंबर. हर साल 31 दिसंबर की रात जैसे ही घड़ी 12 बजाती है, पूरी दुनिया नए साल के जश्न में डूब जाती है.**

कहीं आतिशबाजी होती है, कहीं डांस-पार्टी तो कहीं पूजा-पाठ और सादगी भरा स्वागत. लेकिन पूरी दुनिया एक साथ नया साल नहीं मनाती. टाइम जोन की वजह से कुछ देश सबसे पहले नए साल में प्रवेश करते हैं, जबकि कुछ जगहों पर लोग सबसे आखिर में हैप्पी न्यू ईयर कहते हैं. यही कारण है कि नया साल धरती पर करीब 26 घंटे तक घूमता रहता है. दुनियाभर में नए साल का जश्न अलग-अलग समय पर शुरू होता है और इसका कारण है टाइम जोन सिस्टम. किरिबाती में सबसे पहले, अमेरिका में सबसे आखिर में हुआ स्वागत दुनिया में नए साल 2026 की शुरुआत हो चुकी है. दुनिया के सबसे पूर्वी छोर पर बसे द्वीपीय देश किरिबाती में रात 12 बजते ही नए साल ने दस्तक दे दी. किरिबाती भारत से 8 घंटे 30 मिनट पहले नए साल का स्वागत करता है.




### नए साल की शुरुआत

किरिबाती के ठीक एक घंटे बाद न्यूजीलैंड में भी वर्ष 2026 की शुरुआत हो गई. न्यूजीलैंड भारत से 7 घंटे 30 मिनट आगे है, इसलिए वहां जश्न भारत से काफी पहले शुरू हो जाता है. वहीं, दूसरी ओर अमेरिका उन देशों में शामिल है जहां नया साल सबसे आखिर में आता है. अमेरिका में भारत से करीब 9 घंटे 30 मिनट बाद नए साल की शुरुआत होती है. टाइम जोन के अंतर के कारण दुनिया भर में नए साल का जश्न अलग-अलग समय पर शुरू होता है, जिससे पृथ्वी पर लगभग 26 घंटे तक न्यू ईयर सेलिब्रेशन चलता रहता है. धरती को 24 टाइम जोन में बांटा गया है.

# दिल्ली हवाई अड्डे पर कोहरे के कारण 150 उड़ानें रद्द

### दो डायवर्ट 400 से अधिक उड़ाने देरी से

**नई दिल्ली, 31 दिसंबर. दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह घने कोहरे के कारण 150 उड़ानें रद्द रहीं और दो को डायवर्ट करना पड़ा जबकि 400 से अधिक उड़ानों में विलंब की सूचना है.**

दिल्ली हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह 11 बजे तक दूसरे शहरों से दिल्ली आने वाली 79 और दिल्ली से प्रस्थान करने वाली 71 उड़ानें रद्द रहीं. वहीं, दो उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट भी करना पड़ा है. इनके अलावा, आगमन और प्रस्थान मिलाकर 400 से



अधिक उड़ानों में विलंब की सूचना है. मौसम विभाग के अनुसार, रात ढाई बजे के बाद हवाई अड्डे पर दृश्यता 600 मीटर से घटकर 50 मीटर रह गयी. सुबह नौ बजे के बाद दृश्यता में सुधार शुरू हुआ और दोपहर 12 बजे तक परिचालन सामान्य हो गया. हालांकि सुबह रहे कोहरे के कारण और उड़ानों में देरी हो सकती है. दिल्ली हवाई अड्डे ने एक्स पर बताया कि रात तीन बजे से उपकरण समर्थित सुविधा के तहत कैट-3 की प्रक्रिया में उड़ानों को परिचालन शुरू कर दिया.

# कल्याण-डोंबिवली ननि चुनाव में भाजपा ने खोला जीत का खाता

**ठाणे, 31 दिसंबर.** महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कल्याण-डोंबिवली नगर निगम चुनाव में मतदान से पहले ही अपनी जीत का खाता खोल लिया है और भाजपा उम्मीदवार रेखा चौधरी और सुश्री असावरी नवरे ने निर्विरोध जीत हासिल की है. रेखा चौधरी लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुई हैं, जबकि सुश्री असावरी नवरे पहली बार नगर निगम में प्रवेश कर रही हैं. सुश्री चौधरी वर्तमान में भाजपा कल्याण डिवीजन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष हैं. चुनाव अधिकारी वरुण कुमार सहारे ने पुष्टि की कि वार्ड नंबर 18(ए) की पिछड़ा वर्ग (महिला) आरक्षित सीट के लिए केवल एक नामांकन दाखिल किया गया था.

# 20,668 करोड़ के प्रोजेक्ट को मिली मंजूरी

### नासिक, अक्कलकोट में तेज और सुरक्षित कनेक्टिविटी

**नासिक, 31 दिसंबर. केंद्रीय कैबिनेट ने आज महाराष्ट्र और ओडिशा में दो बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट को मंजूरी दी, जिनकी कुल लागत 20,668 करोड़ है.**

महाराष्ट्र में नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट कॉरिडोर के तहत 374 किमी लंबा 6-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे बनाया जाएगा. इस परियोजना से नासिक, सोलापुर, अक्कलकोट और अहिल्यानगर जैसे शहरों को तेज़ और सुरक्षित कनेक्टिविटी मिलेगी. यात्रा का समय 31 घंटे से घटकर 17 घंटे हो जाएगा. सड़क परियोजना टोलिंग मोड पर बनाई जाएगी और इसमें 100 किमी प्रति घंटा की डिजाइन स्पीड के हिसाब से गाड़ियां चलेंगी. इसके अलावा, ओडिशा के एनएच-326 को केएम 68.600 से केएम 311.700 तक चौड़ा और मजबूत किया जाएगा, जिससे दक्षिणी ओडिशा के गजपति, रायगड़ा और कोरापुट जिलों में बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी. इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधि, लॉजिस्टिक्स दक्षता, रोजगार और समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को महाराष्ट्र और ओडिशा में दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दे दी, जिनकी कुल अनुमानित लागत ?20,668 करोड़ रुपये है. महाराष्ट्र में 374 किमी लंबे नासिक-सोलापुर-अक्कलकोट कॉरिडोर का निर्माण बीओटी (टोल) मोड पर किया.

> यह ग्रीनफील्ड एक्सेस-कंट्रोल्ड 6-लेन हाईवे नासिक, अहिल्यानगर, सोलापुर और अक्कलकोट को जोड़ते हुए पूर्वी और पश्चिमी तट के बीच बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा. इस कॉरिडोर के निर्माण से यात्रा समय 31 घंटे से घटकर लगभग 17 घंटे रह जाएगा, जिससे यात्री और माल वाहक दोनों के लिए निर्बाध, तेज़ और सुरक्षित यात्रा संभव होगी. परियोजना का डिजाइन 100 किमी प्रति घंटे की गति के अनुरूप होगा, हालांकि औसत गति 60 किमी प्रति घंटे रहेगी. इस परियोजना से लगभग 251.06 लाख मैन-डे प्रत्यक्ष और 313.83 लाख मैन-डे अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने की उम्मीद है.

# हवाई अड्डे पर 3 .93 करोड़ रुपए मूल्य हाइड्रोपोनिक वीड जब्त

### डीआरआई के अधिकारियों ने की कार्रवाई


**भुवनेश्वर, 31 दिसंबर. राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 3.93 करोड़ रुपये मूल्य की 3.93 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड जब्त की.**

डीआरआई द्वारा बुधवार को जारी एक बयान में कहा गया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने बैंकॉक से आए एक भारतीय यात्री को रोका और उसके सामान की गहन जांच में हरे रंग के, गांठदार पदार्थ से भरे चार पैकेट बरामद हुए. चार पैकेटों में से दो को काले पॉलीथीन में लपेटकर गत्ते के चॉकलेट पैकेटों के अंदर छिपा दिया गया था जबकि शेष दो पैकेटों को मुख्य सामान में लगे नकली तलों में छुपाया गया था. तस्करी के सामान को पेस्ट बनाकर हाइड्रोलिक प्रेस का उपयोग कर कृत्रिम डिब्बे में रखा गया था. अधिकारियों ने उसे खोलकर बरामद कर लिया है.प्रारंभिक जांच में पदार्थ की पहचान भांग के रूप में हुई और कुल मिलाकर 3.93 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद की गई. बयान के अनुसार, यात्री को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है.

# युवाओं से रूबरू हुए संघ प्रमुख भागवत

**रायपुर, 31 दिसंबर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने बुधवार को राजधानी रायपुर में कहा है कि मौजूदा दौर में विकास की दिशा पर गंभीरता से पुनर्विचार करने की आवश्यकता है. ऐसा कोई मॉडल अब तक सामने नहीं आया है, जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार और पर्यावरण संरक्षण बिना टकराव के साथ-साथ आगे बढ़ सके. ऐसे में समाज को संतुलित और टिकाऊ विकल्पों की ओर बढ़ना ही होगा.

तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान डॉ. भागवत रायपुर एम्स में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं से रूबरू हुए. इस अवसर पर उन्होंने अरावली पर्वतमाला का उदाहरण देते हुए चेताया कि यदि विकास



की रफ्तार बिना पर्यावरणीय सोच के जारी रही, तो आने वाली पीढ़ियों को इसके गंभीर दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं.

सरसंघचालक ने कहा कि विकास और प्रकृति को विरोधी मानने के बजाय दोनों का समानांतर और संतुलित विस्तार जरूरी है. इसके लिए केवल नीतियों में बदलाव ही नहीं, बल्कि जीवनशैली में भी सकारात्मक परिवर्तन लाने होंगे.

> उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे करियर और रोजगार के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी समझें और छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े बदलाव की नींव रखें. युवाओं से जुड़े सामाजिक मुद्दों पर बात करते हुए डॉ. भागवत ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई. उन्होंने कहा कि आज का युवा भीतर से अकेलापन महसूस कर रहा है. परिवारों में संवाद की कमी और रिश्तों में भावनात्मक दूरी के कारण मोबाइल और नशा युवाओं के लिए आसान विकल्प बनते जा रहे हैं. उन्होंने परिवार के भीतर संवाद और भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होना चाहिए.

## एक नजर में



### अमित शाह ने की नेताओं के साथ बैठक

**कोलकाता, 31 दिसंबर.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने पश्चिम बंगाल दौरे के अंतिम दिन बीजेपी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. पार्टी के सूत्रों के अनुसार, यह दौरा 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया. इससे पहले शाह ने सुबह उत्तरी कोलकाता स्थित थंथानिया कालीबाड़ी मंदिर में पूजा की.

### दिल्ली में 5 .12 करोड़ कैश और गहने जब्त

**नई दिल्ली, 31 दिसंबर.** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के सर्वप्रिय विहार में मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है. मंगलवार को शुरू हुआ यह तलाशी अभियान अभी भी जारी है, जिसमें ईडी को अब तक करोड़ों की संपत्ति और नकदी का खजाना हाथ लगा है. इस छापेमारी के दौरान जांच अधिकारियों ने 5 .12 करोड़ की भारी-भरकम नकदी बरामद की है, जिसकी गिनती के लिए बैंक अधिकारियों को विशेष रूप से कैश काउंटिंग मशीनों के साथ मौके पर बुलाना पड़ा. नकदी के साथ-साथ ईडी ने एक सूटकेस भरकर सोने और हीरे के गहने भी जब्त किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 8 .80 करोड़ आंकी जा रही है. इसके अलावा, एक बैग से कई चेक बुक और संपत्तियों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज भी मिले हैं, जिनकी कुल अनुमानित वैल्यू 35 करोड़ के आसपास बताई जा रही है. फिलहाल ईडी की टीम इन दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है और मामले की जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है.

### ममाडी डौमबौया ने जीता राष्ट्रपति चुनाव

**कोनाक्री, 31 दिसंबर.** गिनी में सैन्य तख्तापलट के जरिए सत्ता में आए 41 वर्षीय ममाडी डौमबौया को देश का नया राष्ट्रपति चुना गया है. मंगलवार को घोषित अंतरिम चुनावी परिणामों के अनुसार, डौमबौया ने भारी बहुमत हासिल किया है, जिससे देश में लगभग पांच साल के सैन्य शासन के बाद नागरिक शासन की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो गया है. चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 28 दिसंबर को हुए मतदान में श्री डौमबौया को 86 .72 प्रतिशत वोट मिले. पूर्ण बहुमत प्राप्त करने के कारण अब उन्हें दूसरे चरण के मतदान की आवश्यकता नहीं होगी. डौमबौया के सामने राष्ट्रपति पद के लिए आठ अन्य उम्मीदवार थे.

# आम आदमी की जेब पर बढ़ेगा बोझ!

### आज से बदल जाएंगे कई नियम

**नई दिल्ली, 31 दिसंबर. नया साल सिर्फ कैलेंडर नहीं बदलता, बल्कि आपकी जेब, सैलरी, बैंकिंग और सरकारी फायदे भी बदल देता है. 1 जनवरी 2026 की सुबह लोगों के लिए कई बड़े बदलाव लेकर आ रही है.**

कहीं सैलरी बढ़ने की उम्मीद है तो कहीं एक डॉक्यूमेंट न होने पर पैसा अटक सकता है. किसान हों या नौकरीपेशा लोग, लोन लेने वाले हों या डिजिटल यूजर, ये बदलाव हर किसी को सीधे तौर पर प्रभावित करेंगे. पैन और आधार लिंक नहीं किया तो अटक सकता है सारा काम 1 जनवरी 2026 से सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों को हो सकती है जिन्होंने अभी तक पैन और आधार को लिंक नहीं किया है. सरकार ने साफ कर दिया है कि 31 दिसंबर 2025 आखिरी तारीख थी. अगर इस तारीख तक लिंक नहीं हुआ तो आपका पैन कार्ड इनऑपरेटिव माना जाएगा.

**नया इनकम टैक्स फॉर्म:** जनवरी 2026 में नया इनकम टैक्स फॉर्म आने की उम्मीद है. इस फॉर्म में बैंक ट्रांजैक्शन और खर्च की ज्यादा जानकारी देनी होगी. इससे टैक्स फाइल करना आसान होगा लेकिन गलती की गुंजाइश कम हो जाएगी. यानी अब सही जानकारी देना और भी जरूरी हो जाएगा. जिन लोगों की इनकम और खर्च मैच नहीं होंगे, उन पर सवाल उठ सकते हैं.

> **क्रेडिट स्कोर अब हर हफ्ते होगा अपडेट :** लोन और क्रेडिट कार्ड यूज करने वालों के लिए बड़ा बदलाव आ रहा है. अभी तक क्रेडिट स्कोर महीने में एक बार अपडेट होता था, लेकिन 2026 से यह हर 7 दिन में अपडेट होगा. अगर आपने समय पर ईएमआई भरी है तो उसका फायदा जल्दी दिखेगा, लेकिन अगर एक दिन की भी देरी हुई तो स्कोर पर असर पड़ेगा.
> **पेट्रोल डीजल और हवाई सफर पर असर :** एविएशन फ्यूल की कीमतें भी बदली जाएंगी. अगर कच्चे तेल के दाम कम रहे तो हवाई टिकट सस्ते हो सकते हैं. वहीं पेट्रोल

## आज का इतिहास

1600 स्कॉटलैंड में 25 मार्च के बजाय एक जनवरी से नये साल की शुरुआत हुई.
1664 शिवाजी महाराज ने सूरत अभियान की शुरुआत की.
1804 हैती ने फ्रांस से आजादी का ऐलान किया.
1818 भीमा-कोरेगांव की लड़ाई, जिसमें महारों ने पेशवाओं को हराया.
1862 भारतीय दंड संहिता एवं अपराध प्रक्रिया संहिता को लागू किया गया.
1863 अमेरिकी गृहयुद्ध में मुक्ति उद्घोषणा प्रभावी हुइ.



# बर्फ में चादर में लिपटी सर्दी

### बर्फबारी के बीच पहाड़ों में उमड़ा जनसैलाब

**नई दिल्ली, 31 दिसंबर. नया साल 2026 दहलीज पर है और इस बार प्रकृति ने जश्न को और खास बना दिया है.**

कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश तक पहाड़ी इलाकों में हुई ताजा बर्फबारी ने पर्यटन स्थलों को सफेद चादर से ढक दिया है. गुलमर्ग, सोनमर्ग, मनाली और रोहतांग जैसे इलाकों में सैलानी बर्फ में मस्ती करते नजर आ रहे हैं. हालांकि मौसम विभाग ने कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है, लेकिन इसके बावजूद पर्यटकों का उत्साह चरम पर है. नए साल की शुरुआत को यादगार बनाने के लिए लोग पहाड़ों का रुख कर रहे हैं. नए साल 2026 के स्वागत के साथ देश के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी ने मौसम और माहौल दोनों को रोमांचक बना दिया है. जम्मू-कश्मीर की घाटी में बर्फबारी दर्ज की गई, जो कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का असर मानी जा रही है. उत्तरी कश्मीर के गुरेज, गुलमर्ग, मच्छिल और कुपवाड़ा जैसे इलाकों में बर्फ गिरने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, हालांकि न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से कुछ अधिक बना हुआ है. मौसम विभाग के अनुसार, 24 घंटों में किसी बड़े हिमपात की संभावना नहीं है, लेकिन रुक-रुक कर हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है.

### बच्चों से लेकर युवाओं तक में उत्साह

होटलों के लगभग सभी कमरे पहले से बुक हैं और हजारों वाहन पहाड़ों की ओर बढ़ रहे हैं. दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ से आए सैलानी बर्फबारी की उम्मीद में खासे उत्साहित हैं. बच्चों से लेकर युवाओं तक, हर कोई सफेद चादर में मस्ती करने का इंतजार कर रहा है. हालांकि भारी भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है. सुरक्षा एजेंसियां भी पूरी तरह सतर्क हैं. जम्मू-कश्मीर में एलओसी से लेकर प्रमुख पर्यटन स्थलों तक सेना और बीएसएफ हाई अलर्ट पर हैं. खराब मौसम और त्योहारों के दौरान किसी भी संभावित साजिश को नाकाम करने के लिए गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है.

# अल्मोड़ा के सल्ट क्षेत्र में देर रात जंगलों में आग

**अल्मोड़ा, 31 दिसंबर.** उत्तराखंड में मंगलवार देर रात अल्मोड़ा वन प्रभाग के अंतर्गत आने वाले सल्ट विधानसभा क्षेत्र में जंगलों में भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया. यह आग मछोड़ और टोटाम गांव के बीच स्थित गोदी गांव के जंगलों में लगी, जो इतनी भयानक थी कि भतरोजखान-रामनगर मार्ग से भी आग की लपटें और धुआं साफ तौर पर दिखाई दे रहा था. चौंकाने वाली बात यह रही कि सर्दियों के मौसम में जब आमतौर पर जंगलों में नमी बनी रहती है, उस दौरान भी जंगल धू-धू कर जलते रहे, आग की लपटें तेजी से फैलती गईं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है.

# जयशंकर ने रहमान को सौंपा मोदी का पत्र

### राजकीय सम्मान के साथ जिया सुपुर्द-ए-खाक

**ढाका, 31 दिसंबर. बंगलादेश की तीन बार प्रधानमंत्री रहीं बेगम खालिदा जिया को बुधवार को प्रशंसकों एवं समर्थकों की भारी भीड़ के बीच शाम करीब 4-30 बजे सुपुर्द-ए-खाक किया गया.**

बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष एवं देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को राजधानी के शेर-ए-बांग्ला नगर स्थित संसद भवन में उनके पति और पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के निकट दफनाया गया. इस दुख की बेला पर हजारों लोगों ने उनके लिए दुआ की. प्रसिद्ध इस्लामिक



विद्वान और बैतुल मुकर्रम मस्जिद के खतीब मुफ्ती मोहम्मद अब्दुल मलेक ने 3-02 बजे माणिक मिया एवेन्यू पर जनाजे की नमाज पढ़ायी. बेगम जिया के दफन में शामिल होने की कुछ चुनिंदा लोगों को ही इजाजत थी. इसमें उनके परिवार के सदस्य, वरिष्ठ राज्य अधिकारी, सरकारी अधिकारी, विदेशी मेहमान, राजनयिक और बीएनपी के वरिष्ठ राजनेता मौजूद थे.

> उनके दफन में मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस, अंतरिम सरकार के सलाहकार, चुनिंदा बीएनपी नेता, अन्य राजनीतिक पार्टियों के नेता और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए. पूर्व प्रधानमंत्री के आखिरी सफर में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के प्रतिनिधि और अन्य विदेशी गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद थे. इससे पहले एस जयशंकर ने बेगम खालिदा जिया के पुत्र तारिक रहमान से निजी रूप से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पत्र सौंपा. पत्र में भारत की ओर से शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गयी थी.

## आयोजन — सदियों की प्रतीक्षा हुई पूर्ण- राजनाथ सिंह

# प्राण प्रतिष्ठा बनी पीढ़ियों की साधना : योगी

**अयोध्या, 31 दिसंबर. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अयोध्या- श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 'प्रतिष्ठा द्वादशी' श्रद्धापूर्वक मनाई गई.**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे. मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोई भी दुश्मन इस भूमि पर टिक नहीं पाया. योगी ने अयोध्या के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि यहां कभी युद्ध नहीं हुआ, लेकिन पिछली



सरकारों के दौरान उपद्रव और आतंकी हमलों के प्रयास हुए. उन्होंने बताया कि 2005 में आतंकियों ने हनुमानगढ़ी में दुस्साहस किया, लेकिन पीएसी के जवानों ने उन्हें धराशायी कर दिया. योगी ने कहा कि आज अयोध्या धर्म की ध्वजा लहरा रही है. प्राण प्रतिष्ठा बनी पीढ़ियों की साधना. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या ने स्वतंत्र भारत के तीन ऐतिहासिक घटनाओं का अनुभव किया.

> रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश में जो भी विकास और परिवर्तन हो रहा है, वह आने वाले हजार वर्षों की नींव रख रहा है. राम मंदिर का स्थापत्य और उसकी भावना उसी विचार को साकार करता है. उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम आज केवल अयोध्या ही नहीं, बल्कि पूरे भारत और विश्व को अपनी कीर्ति से आलोकित कर रहे हैं. सिंह ने कहा कि यह उत्सव केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सदियों की प्रतीक्षा, संघर्ष और आस्था की विजय का प्रतीक है.

# केंद्र सरकार ने जारी किया 2026 का कैलेंडर

**नई दिल्ली, 30 दिसंबर. केंद्र सरकार ने बुधवार को सेवा, सुशासन और समृद्धि टैग लाइन के साथ 2026 के लिए अपना आधिकारिक कैलेंडर जारी किया. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने यहां मीडिया सेंटर में विकसित भारत 2047 की दिशा में देश की प्रगति, समावेशी विकास और आर्थिक मजबूती को दर्शाते इस कैलेंडर को जारी किया.**

केंद्र सरकार के नये कैलेंडर में क्यूआर कोड हैं जो सरकार की हर महीने की नीतियों और पहलों के बारे में जानकारी देता है. इस कैलेंडर को हिंदी और अंग्रेजी सहित 13 भारतीय भाषाओं में प्रकाशित किया गया है. इसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचकर जनभागीदारी को बढ़ावा देना है. डॉ. मुरुगन ने भारतएटदरेट2026 नाम से सरकार के आधाकिरिक कैलेंडर को जारी करते हुए कहा, कहा, साल 2025 के दौरान सरकार ने कई बड़े सुधार किए जो विकसित भारत 2047 की ओर हमारी राष्ट्रीय यात्रा के एक महत्वपूर्ण अध्याय हैं. इन सुधारों का मकसद समावेशी विकास सुनिश्चित करना, आर्थिक मज़बूती को बढ़ाना और भारत के स्थायी विकास के लिए मजबूत नींव रखना था. इस कोशिश के केंद्र में आर्थिक और कर सुधार थे, जिनका मकसद नागरिकों पर बोझ कम करना और स्वेच्छा से नियमों का पालन करने को बढ़ावा देना था.

> सूचना एवं प्रसार मंत्रालय में सचिव संजय जाजू ने कहा, इस साल का कैलेंडर भारतएटदरेट 2026 सेवा, सुशासन और समृद्धि भारत को एक बड़े बदलाव के दौर से गुजरते हुए दिखाता है. जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं - हम सब एक सुधार एक्सप्रेस में सवार हैं और इस सुधार एक्सप्रेस में सिर्फ सुधार ही नहीं हैं, बल्कि इसमें सबको शामिल करना व उम्मीदें हैं. यह कैलेंडर असल में इस दृष्टिकोण को आसानी से समझ में आने वाली मासिक थीम में बदलने की कोशिश करता है. ये सभी मासिक थीम हमारे नागरिकों से अलग-अलग क्षेत्रों और अलग-अलग पीढ़ियों में बात करती हैं.


जाहिरसमन्स — प्रोसेस क्र. २२९२/२०२५
ऑर्डर ५, रूल २० — पेशी ता. १४/०१/२०२६
नियमित दिवाणी दावा २१०/२०१६

**५ वे सह दिवाणी न्यायाधीश, वरिष्ठ स्तर, वर्धा श्रीमती ए.बी. कादियान मॅडम यांच्या न्यायालयात**

नियमित दिवाणी दावा २१०/२०१६

**सुरेश अग्निहोत्री व इतर वादी / अर्जदार**
**विरूध्द**
**शंकर अग्निहोत्री व इतर प्रतिवादी / गैरअर्जदार**

**बनाम :- सौ. निर्मला शैलेंद्र तिवारी. रा. वार्ड नं. ५, लहरीबाबा वार्ड, बालाघाट, मध्यप्रदेश.**

वरील अर्जदार यांनी बनाम तुमच्या विरूध्द दावा अर्ज दाखल केला आहे, म्हणुन सदर अर्जाचा जबाब देण्यासाठी तुम्हाला याव्दारे दिनांक **१४/०१/२०२६** रोजी मध्यान्ह ११.०० वाजता या न्यायालयात जातीने हजर राहण्यासाठी बोलावण्यात येत आहे व आपल्या बचावाच्या पुष्टयर्थ तुम्ही ज्यांचा आधार घेऊ इच्छिता असे सर्व दस्तऐवज त्या दिवशी रूजू करण्याचा तुम्हाला आदेश देण्यात येत आहे. उपरोक्त दिवशी तुम्ही हजर न राहिल्यास तुमच्या गैरहजेरीत वादाची सुनावणी होऊन निर्णय देण्यात येईल याची दखल घ्यावी.

तसेच तुम्हाला अशीही दखल देण्यात येत आहे की, उपरोक्त दिनांकास किंवा तत्पूर्वी, तुम्ही बजावणीसाठी तुमचा पत्ता दाखल न केल्यास तुमचा बचाव रद्द होण्यास पात्र ठरेल.

**आज दिनांक १९/१२/२०२५ रोजी माझ्या सहीने व न्यायालयाच्या शिक्क्यानिशी दिले.**

शिक्का

**आदेशान्वये**
**सहायक अधि. न्याय.**
**दिवाणी न्यायालय व.स्तर, वर्धा**